साप्ताहिक
# बुलंद गोंदिया
खबरों का आईना
प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**
E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**
वर्ष : 4 | अंक : 28 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 22 फरवरी से 28 फरवरी 2024 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5



### काते से मारकर किया घायल

**गोंदिया**-शहर थाने के तहत पैकनटोली संविधान नगर निवासी फिर्यादी संजय नरेश विश्वकर्मा (30) को आरोपियों ने साठगांठ कर तू हमको देख कर जलता है, तू गोंदिया में मत रह, यहां से निकल जा ऐसा कहते हुए गालीगलौज कर लोहे के काते से सिर पर मारकर घायल कर दिया. फिर्यादी की शिकायत पर शहर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार योगेश बिसेन कर रहे हैं.

## वडेगाव ग्रामपंचायत रिश्वत कांड -सरपंच, उपसरपंच व दो ग्राम पं. सदस्य निलंबित

**बुलंद गोंदिया।** सडक अर्जुनी तहसील की वडेगांव ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच और दो ग्राम पंचायत सदस्यों पर बिल की रकम देने  के लिए रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। इस मामले में अपर आयुक्त (नागपुर) ने चारों को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। इस आदेश से ग्राम पंचायत क्षेत्र में हड़कंप मच गया है. रिश्वतखोरी के आरोप में निलंबित किए गए लोक सेवकों में सरपंच रीना हेमंत तरोने, उपसरपंच दिनेश सुनील मुनेश्वर, ग्राम पंचायत सदस्य मार्तड मंसाराम मेंढे और लोपा विजय गजभिए शामिल हैं।सड़क-अर्जुनी पंचायत समिति अंतर्गत ग्राम पंचायत वडेगांव में ग्राम पंचायत अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ताओं की निविदा स्वीकृत की गई। ग्राम पंचायत निविदा के अनुसार रूपचंद मेंडे से माणिक हट्टीमारे के घर तक सड़क निर्माण, मटमाया मंदिर तक सड़क को पक्का करने और आंगनवाड़ी क्रमांक-1 व 4 पर पेवर ब्लैक लगाने के लिए निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आपूर्ति की गई निर्माण सामग्री के स्वीकृत बिल से 15,55,696 रुपए लिए जाने थे। बील की राशि का चेक भुगतान करने के लिए सरपंच रीना तरोने, उपसरपंच दिनेश मुनेश्वर ने सप्लायर से 5 प्रतिशत 75 हजार रुपए की मांग की. चूंकि आपूर्तिकर्ता मांगी गई रिश्वत देने को तैयार नहीं था, इसलिए उसने 26 जुलाई 2023 को रिश्वत विरोधी विभाग में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के मुताबिक, जब भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने दो सरकारी जजों से सत्यापन कराया तो सरपंच और उपसरपंच ने समझौते के तौर पर 70,000 रुपये की मांग की. 19 अगस्त 2023 को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने इस पर कार्रवाई की।

# 1 लाख बच्चे पीएंगे 2 बूंद जिंदगी की
## अभिभावक सतर्क रहकर बच्चों को पिलाएं पोलियो खुराक : नायर

**बुलंद गोंदिया**-भारत एक पोलियो मुक्त देश है, लेकिन कुछ देशों में पोलियो अभी भी मौजूद है. जिससे एहतियात के तौर पर पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है. स्वास्थ्य की दृष्टि से देश में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक देने की योजना है. जिलाधीश प्रजीत नायर ने जिले के नागरिकों से सतर्क रहने और अपने बच्चों को पोलियो की आवश्यक खुराक पिलाने की अपील की है. राज्य में 3 मार्च को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाने के निर्देश मिले हैं. जिले में जिलाधीश प्रजीत नायर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई. इस अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के 1 लाख 548 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी.



### अभियान को प्रभावी रूप से लागू करें : मुरुगनाथम

जिप सीईओ मुरुगनाथम ने इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने और अभियान में शत-प्रतिशत लाभार्थियों को खुराक प्राप्त करने के निर्देश दिए. स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाई गई प्लानिंग के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र में 82 हजार 320 और शहरी क्षेत्र में 18 हजार 228 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी. स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविका, आशा सेविका और 282 पर्यवेक्षकों के माध्यम से प्रत्येक गांवों में पहुंचकर 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 258 उप केंद्रों और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 1443 - पल्स पोलियो बूथ और 84 ट्रांजिट टीम और 34 मोबाइल टीमों की योजना बनाई गई है. ऐसी जानकारी डा. रोशन राऊत न ने दी है. बैठक में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस के दिन जिन वंचित बच्चों को खुराक नहीं मिली हैं, उन्हें गृह भ्रमण के दौरान 5 से 7 मार्च (3 दिन) तक पोलियो की खुराक देने का कार्यक्रम निर्धारित है. बैठक में शासकीय मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डा. कुसुमाकर घोरपड़े, जिला शल्य चिकित्सक डा. अमरीश मोहबे, अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन कापसे, डा. साजिद खान, जिला मातृ व शिशु देखभाल अधिकारी डा. रोशन राऊत, जिप उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी (महिला व बाल कल्याण) संजय गणवीर, जिला क्षयरोग अधिकारी डा. वेदप्रकाश चौरगड़े, जिला महामारी अधिकारी डा. निरंजन अग्रवाल, जिला मलेरिया अधिकारी विनोद चव्हाण सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे.

## शिक्षिका गई गांव, घर में 2.69 लाख की चोरी



**गोंदिया**-नागपुर में अपनी पढ़ने वाली लड़की से मिलने गई शिक्षिका के घर से अज्ञात चोरों ने 2 लाख 69 हजार रु. के आभूषण और नकद चुरा ली. आमगांव तहसील के पदमपुर के एक वरिष्ठ प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका प्रज्ञा कॉलोनी लांजी रोड़ आमगांव निवासी पल्लवी राधेश्याम बिसेन (42) 17 फरवरी को अपने घर में ताला लगाकर नागपुर चली गई क्योंकि उनकी बेटी की तबीयत ठीक नहीं थी. लेकिन जब वे नागपुर में थे तो उन्हें घर में चोरी होने की जानकारी मिली. जब वह वापस आए तो देखा कि चोरों ने उनके घर से 1 लाख रु. नकद और सोने-चांदी के आभूषण ऐसे कुल 2 लाख 68 हजार 700 रु. की चोरी कर ली. फिर्यादी की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने आईपीसी की धारा 454, 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया है.

### परसवाड़ा में शिवाजी महाराज की जयंती मनाई



**तिरोड़ा**-तहसील के परसवाड़ा में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य चतुर्भुज बिसेन, उपसभापति हुपराज जमईवार, सरपंच उषा बोपचे, मनीराम हिंगे, सभी ग्रापं सदस्य व नागरिक उपस्थित थे.

## जमीन खरीदी-बिक्री मामले में मारपीट



**गोंदिया**-सालेकसा तहसील के ग्राम शेरपार में जमीन खरीदी बिक्री के मामले में दो गुटों में मारपीट की गई. इस मामले में दो गुट के पांच लोगों पर मामला दर्ज किया गया है. ग्राम शेरपार निवासी राजेंद्र शेंडे (41) जमीन खरीदी बिक्री के संबंध में आरोपी जयराम कुंडे (63) के साथ बातचीत करते समय आरोपी मोतीराम फुंडे (65), अमोल फुंडे (32), कार्तिक फुंडे (40) व जयराम फुंडे इन चारों ने मिलकर उसके साथ लाठी से मारपीट की. वहीं राजेंद्र शेंडे ने मोतीराम कुंडे से मारपीट को. इस प्रकरण में सालेकसा पुलिस ने दोनों गुटों के खिलाफ भादंवि की धारा 324 के तहत मामला दर्ज किया, जांच हवलदार चंद्रिकापुरे कर रहे हैं.

## प्रोग्रेसिव्ह चित्रकला महाविद्यालय द्वारा आयोजित चित्रकला स्पर्धा मे1500 विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर




**बुलंद गोंदिया।** श्रीमती उमादेवी बहुउद्देशिय शिक्षण संस्था, गोंदिया द्वारा संचालित प्रोग्रेसिव्ह महाविद्यालय में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानिक सुभाष गार्डन में चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। चित्रकला स्पर्धा में गोंदिया शहर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों व कला में रुचि रखने वालों ने प्रतिभाग कर अपनी कला का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता को गट अ  कक्षा 1 ली से 2 री, गट ब 3री से 4.थी , गट क  5 से 7वी ,गट ड  8 वी से 10वी ,गट ई 11 वी व अधिक आयु के में विभाजित किया गया था। प्रत्येक गट में वि?द्याहिंयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को आयोजको ने प्रथम द्वितीय तृतीय व प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्माणित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी डॉ. प्रदीप  गुजर बालरोग तज्ञ, गोंदिया,कोशलकुमार तिराले बैंक ऑफ इंडिया, मुरलीधर माहुरे (डायरेक्टर, गुरुकुल कान्वेंट गणेश रोडा सीए, अनिकेत गुजर, श्रीमती मिनल अनिकेत गुजर, संस्थाध्यङ डॉ. पंकज कटक्रवार, सस्थासचिव डॉ नीरज कटकवार, वि?द्यालय प्राचार्य ओ  टी रहागडाले, अभय गुरव के द्वारा सफल विड्?यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार व प्रसस्ति पत्र देकर उनकी कला की प्रोत्साहित किया गया। डॉ प्रदिप गुजर  ने अपने उदबोधन में प्रतिभाली विद्यार्थियो का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजक सस्थापदाधिकारियों व सभी शालेय कर्मचारियों को इस सुंदर रंगो  से परिपूर्ण कार्यकम हेतु बधाई दी। सस्थासचिव डॉ. नीरज कटकवार में प्रथम पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थी कु. स्वरा बोरकर, (जे एम. व्ही, कॉन्वेंट, . कु. कनक बुद्धे प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल, चुलोद  कु. अकिता कशयप  कु. अफशा खान प्रोग्रेसिव्ह हिन्दी हायस्कूल,मा. कुनाल लेडे को बधाई देते हुए उपस्थित समस्त अभिभावकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्राचार्या कुमुदिभी तावाडे, बाय, आशा राव, मिनाक्षी महापात्रा, कुलदीप विणा कावळे, निधी व्यास, कृष्णा चाव्हान, ज्योती पहिरे, विकास पटले रुपकला राहगडाले, रानी खान, लीना रहाबडाले, सपना बिरखेडे. एम. जी. पटले, सुनिल कटरे, अभिलाषा तिवारी, भुमेश्वरी गौतम, महेन्द्र ,कविता खतरी, सुमेश स्मिता शुक्ला, दुर्गा रामटेक्कर, प्रेरणा सिंग, रितेश सतीश मोटघरे, अकुर गजभिए, सिमरन बास्के, काजल साखला, भारती गाढवे, स्वाती पटले, गुरुदास वे राहुल रामटेके, दिव्याशु जायस्वाल हेतु अथक प्रयास किया।

## चौकीदार वोट चोर हैं का नारा देते हुए कांग्रेस ने किया सुको के निर्णय का किया स्वागत

### » भाजपा सत्ता और हर क्षेत्र में संविधान का अपमान करतीं हैं- इंजि राजीव ठकरेले



**बुलंद गोंदिया।** चंडीगड मेंयर चुनाव मे सत्ता का दुरुपयोग करते हुए चुनाव अधिकारी पर दबाव लाकर काँग्रेस तथा आम आदमी पार्टी के गटबंधन का बहुमत होने के बावजूद असवेधानिक तरीक़े से जनता द्वारा चुने हुए नगर सेवकों के वोटों को अवैध करार देकर भाजपा ने अपना मेयर नियुक्त कर लिया किंतु कल  सुप्रीम कोर्ट द्वारा भाजपा की चोरी पकडकर भाजपा के मेयर को अवैध करार देकर वोटचोर तथा सत्ता जीवी भाजपा को करारा तमाचा लगाया है। काँग्रेस तथा आम आदमी पार्टी की सरकार फिर से स्थापित कर दी हैं। भाजपा की घिनौनी साजिश तथा लोकतंत्र के हत्या के इस कारनामे को उजागर करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट का आभार करणे हेतू  काँग्रेस कार्यकर्ता द्वारा संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ बाबासाहेब आंबेडकर इनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा के खिलाफ चौकीदार वोट चोर हैं के नारे लगाए गए।  तथा अन्नदाता किसानों के साथ भी मोदी सरकार का जुल्मी व्यवहार भी दुर्भाग्यपूर्णू है इसलिए किसानों के समर्थन में भी नारेबाजी की गई। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस कार्यकर्ता एवं संचालक कृषि उत्पन्न बाजार समिति गोंदिया इंजि राजीव ठकरेले, पूर्व प्रदेश सचिव विनोद जैन, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेश राणे, शहर अध्यक्ष जहीर अहमद, संचालक  अरूण गजभिए, महिला कांग्रेस तालुका अध्यक्ष अनीता मुनेश्वर, रेखा सहारे, चित्रा लोखंडे, सूर्य प्रकाश भगत, रणजीत गणवीर , किसान कांग्रेस  उपाध्यक्ष सिद्धार्थ रणवीर , युवक कांग्रेस शहर अध्यक्ष काशिफ अहमद,  आलोक मोहंती, दलेश नागदवने, आनंद लांजेवर, लोकनायक रहांगडाले, अश्विन कुमार सहारे, मनीष चौहान, मनोज पतले, नामदेव वैद्य, सोमेश्वर ठकरेले, जितेंद्र लिल्हारे, आकाश उके, शुमीत शेंडे, पंकज पिल्ले इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 3 तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज रेत तस्करों ने की वन अधिकारी की पिटाई



**गोंदिया**-बिना अनुमति के रेत की तस्करी को वन विभाग के कर्मचारियों ने आमगांव तहसील के तिगांव में पकड़ा था. इस बीच जब रेत से लदे ट्रैक्टर को वन क्षेत्र कार्यालय में जमा करने को कहा गया तो आरोपियों ने रेत खाली कर दिया और ट्रैक्टर लेकर चले गए. इस संबंध में आमगांव पुलिस ने 3 तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. वन विभाग में कार्यरत नामदेव जनार्दन कदम (31) नियमित गश्त पर थे. इसी दौरान तिगांव गांव के पास करीब 30 हजार रुपए कीमत का ट्रैक्टर और 50 हजार रु. कीमत की ट्रॉली में 3 हजार रु. कीमत की रेत भरकर जा रहा था. इसी दौरान नामदेव कदम ने रेत के बारे में पूछताछ की. चालक ने कहा कि उसके पास लाइसेंस नहीं है. जिससे जनार्दन कदम ने वाहन को वन परिक्षेत्राधिकारी, आमगांव के कार्यालय में जमा करने कहा,लेकिन आरोपियों ने वाहन को अधिकारी के कार्यालय में जमा कराए बिना तिगांव के पास रेत खाली कर दी और ट्रैक्टर लेकर भाग गया. इन सभी प्रकार के वीडियो बनाते समय आरोपी हेतराम महादा पटले (55) कटंगटोला निवासी ने जनार्दन कदम के साथ गाली-गलौज और मारपीट की. इस मामले में आमगांव पुलिस ने आरोपी विलास यशवंत गाते (30) सोनेखारी निवासी, उमाशंकर हेतराम पटले (28) और हेतराम महादा पटले के खिलाफ मामला दर्ज किया. जांच पुलिस उपनिरीक्षक अक्षय वलसे कर रहे हैं.

## शासकीय छात्रावासों में प्रवेश आवेदन आमंत्रित

**गोंदिया**-शासन ने अन्य पिछड़ा वर्ग, विमुक्त जाति, घुमंतू जनजाति व विशेष पिछड़ा वर्ग के उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे लड़के व लड़कियों के लिए जिला स्तर पर 100 छात्र-छात्राओं की क्षमता वाला शासकीय छात्रावास खोलने की मंजूरी दे दी हैं. जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग, विमुक्त जाति, घुमंतू जनजाति और विशेष पिछड़ा वर्ग की श्रेणियों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों से शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए सरकारी छात्रावासों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं. जिले के अन्य पिछड़ा वर्ग, विमुक्त जाति, घुमंतू जनजाति और विशेष पिछड़ा वर्ग के छात्र जो उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि छात्रावास में प्रवेश पाने के लिए संबंधित छात्रावासों के गृहपाल से संपर्क करें. अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए- 46, विमुक्त जाति घुमंतू जनजातियों के लिए- 30, विशेष पिछड़ा वर्ग के लिए- 05, विकलांगों के लिए- 04, अनाथों के लिए- 02, आ.मा. प्रवर्ग (ईएमडब्ल्यू) 03, आवेदन वितरण व स्वीकृति विद्यार्थी डा. बाबासाहेब आंबेडकर, पिछड़ा वर्ग के लड़कों के लिए सरकारी छात्रावास, आरटीओ कार्यालय के पीछे, आरटीओ कार्यालय के पीछे, गोंदिया से संपर्क कर सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त, समाज कल्याण कार्यालय डा. बाबासाहब आंबेडकर सामाजिक न्याय भवन, जिलाधीश कार्यालय के पीछे में संपर्क करें.

## दिव्यांगों की समस्याओं का निराकरण करें

**गोंदिया**-सर्व दिव्यांग (हैंडीकैप) वेलफेयर कमेटी द्वारा नवनियुक्त जिलाधीश प्रजीत नायर का स्वागत कर राजेश कारड़ा, विक्की संतवानी, संजू शर्मा व चंद्रशेखर कोसरकर के नेतृत्व में जिले के दिव्यांगों के समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर न्याय देने की मांग का ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में अपंग वित्त महामंडल के द्वारा जो कर्ज दिया जाता है, उसमें अनेक प्रकार की शर्तों को पूर्ण करना होता है. जैसे कि 2 गैरेंटर की आवश्यकता, दिव्यांग सर्टिफिकेट में परमानेंट लिखा होना आवश्यक है. टेम्पररी नहीं होना चाहिए. अब सवाल यह है कि हम दिव्यांगों को 10-15 वर्षों से दिव्यांग प्रमाणपत्र रीनिवल करके दिया जा रहा है, - हमें तो परमानंट व टेम्पररी के उल्लेख की जानकारी भी अब तक नहीं थी और ना ही इस संदर्भ में हमें विभाग द्वारा कभी कोई न जानकारी दी गई. इसमें हमारी क्या गलती है ? दिव्यांग वैसे ही लाचार, बेबस व दूसरों पर आश्रित होकर जीवन निर्वाह करता है, ऐसे में वह गैरेंटर कहां से लाएगा? उसके लिए तो सरकार ही एक आधार होता है, जिससे कुछ कर्ज लेकर आत्मनिर्भर बन सके. रेलवे प्रशासन द्वारा प्रत्येक रेलगाड़ी में एक बोगी दिव्यांगों के लिए दी गई है. लेकिन हमें यह देखकर आश्चर्य होता है कि उसमें दूसरे यात्रियों को सवार करने की अनुमति कौन देता है, जिसके चलते दिव्यांगों को ही उनके लिए निर्धारित बोगी में जगह उपलब्ध नहीं हो पाती, कुछ कहने पर गालीगलौज व मारपीट की नौबत आ जाती है.

## संपादकिय...

# मेयर पर 'सुप्रीम फैसला'

देश में सर्वोच्च अदालत और उसके जरिए न्यायपालिका जब तक जिंदा हैं, तब तक इंसाफ जरूर मिलेगा। चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव पर सर्वोच्च न्यायिक पीठ ने जो न्याय किया है, वह ऐतिहासिक और क्रांतिकारी है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च अदालत ने, चुनाव जैसे मुद्दे पर, जिस विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया है, वह अभूतपूर्व है। यह ऐसा फैसला है, जिसे कोई चुनौती नहीं दे सकता। न्यायपालिका ने लोकतंत्र और उसमें निहित जन-शक्ति को बचाकर मिसाल कायम की है। वोट की लूट नहीं मचाई जा सकती और न ही चुनाव प्रक्रिया में धांधलियां कामयाब हो सकती हैं। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले के जरिए यह संदेश पूरे देश को दिया है। मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को 'कदाचार' का दोषी भी करार दिया गया है। अब उनके खिलाफ मुकदमा चलेगा और 3 से 7 साल तक की सजा भी दी जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन न्यायाधीशों ने पहली बार अदालत में ही किसी चुनाव के वोट जांचे और नतीजा घोषित किया। न्यायाधीशों ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की प्रक्रिया को धोखाधड़ी से नाकाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जहां असाधारण स्थितियां बनती हैं, वहां अदालत को दखल देना पड़ता है, ताकि बुनियादी जनादेश को संरक्षित किया जा सके। अनुच्छेद 142 के तहत अदालत का यह पहला 'सुप्रीम फैसला' है। इससे पहले भोपाल गैस त्रासदी कांड के पीड़ितों को राहत पहुंचाने और उन्हें मुआवजा दिलाने, राजीव गांधी के हत्यारे पेरारिवलन को जेल में 30 लंबे साल की सजा काटने के बाद रिहाई दिलाने और अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि के संदर्भ में अनुच्छेद 142 के तहत फैसले सुनाए गए थे। बेशक चंडीगढ़ मेयर चुनाव का मुद्दा अपेक्षाकृत छोटा है, लेकिन इसके प्रभाव व्यापक होंगे, क्योंकि यह आम चुनाव के कुछ दिन पहले ही सामने आया है और अदालत ने 19 दिनों में हस्तक्षेप कर फैसला सुनाया है। अब भाजपा की चुनावी साजिशों और मंसूबों पर लगातार सवाल उठाए जाएंगे। न्यायिक पीठ ने 30 जनवरी को घोषित मेयर का चुनाव खारिज कर दिया और अवैध मतपत्रों को 'वैध' करार दिया और उन्हीं के आधार पर आम आदमी पार्टी (आप) एवं कांग्रेस के साझा प्रत्याशी कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का मेयर घोषित कर दिया। भाजपा के रणनीतिकार, पैरोकार दलीलें देते रहे कि चुनाव दोबारा कराया जाए। चूंकि भाजपा ने 'आप' के तीन पार्षदों को तोड़ कर बहुमत का जुगाड़ कर लिया था, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने उन दलीलों को खंडित कर कइयों को बेनकाब किया है। अकेला पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह इतनी बड़ी धांधली का 'मसीहा' नहीं हो सकता, जाहिर है कि इस साजिश में बड़ी मछलियां भी संलिप्त होंगी। अदालत के फैसले में उन्हें पर्दाफाश नहीं किया जा सका, लेकिन मसीह पर जो मुकदमा चलेगा, संभवतः उसके दौरान साजिशकार बेनकाब हों!

## स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति स्कूल, समाज के लिए घातक



बच्चों में बढ़ती हिंसा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को आदेश दिया है कि विद्यार्थियों के बस्ते की औचक जांच करने के लिए एक समिति बनाई जाए।

पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से चिंताजनक है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। कई घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली।

इस संदर्भ में सवाल उठे कि आखिर वे बच्चे अपने साथ कोई घातक चीज लेकर कैसे स्कूल आ गए। क्या बच्चों के थैले या बस्ते की जांच का कोई नियम नहीं है? इसी के मद्देनजर दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को आदेश दिया है कि विद्यार्थियों के बस्ते की औचक जांच करने के लिए एक समिति बनाई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थियों के पास ऐसी कोई सामग्री न हो, जिसका उपयोग किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा सके।जाहिर है, इस व्यवस्था के पीछे सरकार की मंशा विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित माहौल बनाना है, ताकि उनके बीच कोई मामूली विवाद जानलेवा हमले में न तब्दील हो जाए। अगर किसी छात्र के पास कोई हथियार नहीं रहेगा, तब गंभीर हिंसा की स्थिति नहीं बनेगी और आपसी विवाद को सुलझाने की गुंजाइश बनी रहेगी।

मगर सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है! पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार के पास क्या योजना है?

बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बच्चों के बस्ते की औचक जांच की व्यवस्था की अपनी अहमियत हो सकती है। मगर जरूरत इस बात की है कि बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसा और आक्रामकता के कारणों को दूर करने को लेकर काम किया जाए।

## शिवाजी राजधर्म के प्रेरणास्रोत हैं : शर्मा



**गोंदिया**-माताओं में माता जीजाबाई जैसा चरित्र ही बच्चों में छत्रपति शिवाजी का कुछ अंश निर्माण कर सकता है. शिवाजी राजधर्म किस तरह से निभाया जाता है, इस बात के प्रेरणास्रोत हैं, आज हम शिवाजी महाराज की जयंती तो मनाते हैं, लेकिन उनके आदर्श, जीवनचरित्र की छोटी सी भी झलक हमारे आसपास के वातावरण में कहीं दिखाई नहीं देती. उक्त उद्गार परमात्मा एक नगर की छत्रपति कालोनी में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर कवि व वक्ता रमेश शर्मा ने व्यक्त किए. प्रधानाध्यापक रवि गायधने के कुशल संयोजन में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वामा संगठन की प्रमुख व प्रखर युवा नेत्री पूजा तिवारी, अंतरराष्ट्रीय धावक मुन्नालाल यादव, समाजसेविका शुभा भारद्वाज मंच पर उपस्थित थे. पूजा तिवारी ने समारोह में महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर प्रसन्नता व्यक्त की. इस अवसर पर दीनदयाल मेश्राम, प्रा. मिलिंद चौधरी, अध्यापिका मनीषा टेंभरे ने भी अपने विचार रखे. अंतरराष्ट्रीयमुन्नालाल यादव, समाजसेविका शुभा भारद्वाज मंच पर उपस्थित थे. पूजा तिवारी ने समारोह में महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर प्रसन्नता व्यक्त की. इस अवसर पर दीनदयाल मेश्राम, प्रा. मिलिंद चौधरी, अध्यापिका मनीषा टेंभरे ने भी अपने विचार रखे. अंतरराष्ट्रीय प्रदान कर अतिथियों के हाथों विशेष रूप से सम्मानित किया गया. आगंतुक अतिथियों, वक्ताओं को भी राधेश्याम रहांगडाले, सुरेंद्र जायसवाल, हर्षकुमार प्रधान, मोरेश्वर वैद्य, गीता मेश्राम, सरिता मस्करे के हाथों सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

### नासिर का सपत्नीक सत्कार

इसी समय हज यात्रा कर वापस लौटे जनाब नासिर भाई सैय्यद का सपत्नीक भावभीना सत्कार किया गया. संचालन अध्यापिका महिमा पटले ने व आभार रवि गायधने ने माना, सफलतार्थ सामाजिक = कार्यकर्ता संदीप रहांगडाले, दीक्षित मेश्राम, आकाश मिरासे, संजय बावनकर, आनंद गायधने, चीनू, हर्ष जांगजोड़े आदि न ने प्रयास किया.

## मधुमक्खियों के हमले मे 2 व्यक्ति घायल

**सड़क अर्जुनी**-तहसील के घटेगांव में मधुमक्खियों के हमले में दो व्यक्ति घायल हो गए. मधुमक्खियों के हमले में घटेगांव के सेवानिवृत्त वन क्षेत्र अधिकारी धनराज वैद्य (70) और खोडशिवनी के पोस्ट मास्टर हीरालाल कोसलकर गंभीर रूप से घायल हो गए. रोजाना की तरह दोपहर करीब दो बजे धनराज वैद्य अपने घर के सामने बैठे थे तभी अचानक मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया. उस समय खोडशिवनी के देवराम शेंडे और रवींद्र पंचभाई और पोस्ट मास्टर हीरालाल कोसलकर मोटरसाइकिल पर सड़क पर यात्रा कर रहे थे, तभी मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया. तो वे मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गए. हमले में धनराज वैद्य गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए सहयोग अस्पताल गोंदिया में भर्ती कराया गया, जबकि हीरालाल कोसलकर को बजाज अस्पताल गोंदिया में भर्ती कराया गया है. दोनों घायलों का इलाज चल रहा है.

## कक्षा 8वीं के 97 छात्रों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा



**सड़क अर्जुनी**-कक्षा 8वीं के छात्रों की पूर्व माध्यमिक छात्रवृत्ती परीक्षा 18 फरवरी को जिला परिषद के केंद्रों में ली गई. जिसमें जिला परिषद हाईस्कूल केंद्र सड़क अर्जुनी के 97 छात्र उपस्थित थे. केंद्र संचालक एम.एच. करहाडे, पर्यवेक्षक के.पी. हुकरे, ए.जी. पाटिल, डी.आर. उपरिकर, एच.एच. मेश्राम, फुंडे, एस.जी. मारबते की उपस्थिति में गुट शिक्षाधिकारी आर.बी. बागडे के मार्गदर्शन में परीक्षा सुचारू रूप से ली गई.

## मंडल अधिकारी कार्यालय पर भाकपा का मोर्चा




**गोंदिया**- राज्य लाल बावटा खेत मजदूर यूनियन व आयटक तथा किसान संगठन के संयुक्त तत्वावधान में भारत बंद अंतर्गत तहसील के कुरहाड़ी स्थित मंडल अधिकारी कार्यालय पर मोचर्चा निकाला गया, कुरहाड़ी चौक से मोर्चे की शुरुआत की गई. इसके बाद मोचर्चा मंडल अधिकारी कार्यालय पर पहुंचा. किसानों को स्वामीनाथन आयोग को सिफारिश लागू करने, किसान खेत मजदूर को 10 हजार रु. पेंशन लागू करने, वन जमीन के पट्ट देने, कामगार कर्मचारी विरोधी कानून रह करने, मनरेगा के काम शुरू करने, किसानों की तरह खेत मजदूरों को सम्मान निधि देने, निजीकरण बंद करने आदि मांगों का ज्ञापन प्रतिनिधि ज़ मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम से मंडल अधिकारी को सौंपा. मोर्चे का नेतृत्व आयटक के राज्य उपाध्यक्ष ज़ हौसलाल रहांगडाले, दुलीचंद कावडे, गंगाराम भावे, पुरनलाल मेश्राम, अरुण पाचे, गुणवंत नाईक, तहसील सहसचिव कल्पना डोंगरे, माया मारगाये ने किया.

## दैनिक निधि संग्रहकों की भूख हड़ताल शुरू



**देवरी**-देवरी नागरिक पत संस्था के माध्यम से जमाकर्ताओं की रकम वापस नहीं मिलने से इसके पूर्व भी निधि संग्रहकर्ता आमरण अनशन पर बैठ गए थे. किंतु इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने सहकार श्रेणी 1 कार्यालय के सामने फिर से भूख हड़ताल शुरू की है. देवरी नागरिक पत संस्था में आठ से दस नियमित फंड संग्रहकर्ता कई वर्षों से काम कर रहे थे. इस दैनिक निधि संग्रह से बैंक में करोड़ों रु. जमा हो गए. दिसंबर 2022 से देवरी नागरिक पत संस्था संचालक मंडल द्वारा जमाकर्ताओं के 60 से 70 लाख रु. वापस करने से इनकार कर दिया गया. फिर इन सभी दैनिक निधि संग्रहक सहकार कार्यालय के सामने आमरण अनशन करने बैठे थे. 14 दिन आंदोलन शुरू रहते हुए संचालक मंडल ने सहकार अधिकारियों के सामने 10 लाख रु. 15 दिन में स्वयं जमा करने का लिखित आश्वासन दिया था. जिससे दैनिक निधि संग्रहकों ने अपना अनशन पीछे लिया था. लेकिन 8 माह का समय बीतने के बाद भी जमाकर्ताओं की रकम आज तक वापस नहीं मिली. जमाकर्ताओं के पैसे वापस नहीं मिलने से सभी दैनिक निधि संग्रहकों ने फिर से भूख हड़ताल आंदोलन शुरू कर दिया है.

## 7,172 विद्युत ग्राहकों की कटी बिजली महावितरण ने शुरू की बकाया वसूली



**गोंदिया**-महावितरण का पूरा वित्तीय आधार उपभोक्ताओं से बिजली बिलों के मासिक संग्रह पर है. महावितरण की ओर से बार-बार अपील के बावजूद बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं. अब जब मार्च करीब आ रहा है, महावितरण ने बकाया वसूली शुरू कर दी है. बकाये के कारण बिजली आपूर्ति काटे जाने और काटे गए बिजली कनेक्शनों की जांच के लिए सभी इंजीनियर, अधिकारी, कर्मचारी इस समय फील्ड पर हैं. जिले में 428 करोड़ 96 लाख रुपए का बिजलीऔद्योगिक उपभोक्ताओं पर 30 दिसंबर 2023 तक 428 करोड़ 96 लाख बकाया है. गोंदिया डिविजन में घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक जैसे ग्राहकों के कारण है. बकाया के कारण पिछले 35 दिनों में गोंदिया जिले के 7 हजार 172 बकाएदारों की बिजली काट दी गई है. नए साल में बिजली बिल नहीं चुकाने पर गोंदिया डिवीजन में 7 हजार 172 उपभोक्ताओं पर 19 करोड़ 7 लाख 57 हजार 120 रुपए बकाया है. इनकी बिजली आपूर्ति काट दी गई है.

## नाभिक समाजभूषण जयंती महोत्सव मनाया 152 लाभार्थियों का हुआ विश्वकर्मा पंजीयन



**गोंदिया**-महाराष्ट्र के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व प्रमुख सामाजिक नेता शंकरराव जगताप की जयंती व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई. इस अवसर पर समाज के लोगों के लिए निःशुल्क विश्वकर्मा पंजीयन व महिलाओं के लिए हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इस दौरान 152 लाभार्थियों ने विश्वकर्मा पंजीयन किया. उद्घाटन नाभिक एकता मंच अध्यक्ष अशोक चन्ने की अध्यक्षता में पूर्व मंत्री परिणय फुके के हस्ते किया गया. इस अवसर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के प्रतिनिधि के रूप में दुर्गा तिराले उपस्थित थे. अतिथि के रूप में गुलाबराव महाराज, सेवक भाकरे, राजू सूर्यवंशी, रवि लांजेवार, तुकाराम चावके, सेवानिवृत्त शिक्षाधिकारी प्रकाश उरकुडे, प्रकाश सूर्यवंशी, देविपुत्र, शिवणकर उपस्थित थे. शुरुआत आतिशबाजी और संगीत के साथ हुई. कार्यक्रम का समापन महाप्रसाद से किया गया. प्रस्तावना संजय चन्ने ने रखी. संचालन कृष्णगोपाल लांजेवार ने किया व आभार योगेश सूर्यवंशी ने माना. सफलतार्थ बेनीराम फुलबांधे, राजेश जांगले, सुशील उमरे, राहुल श्रीवास, नितेश दानी, अरुण चन्ने, मनोज सूर्यवंशी, संदीप सोनेवाने, मानिक फुलबांधे, महेश लांजेवार ने प्रयास किया

## बाइक की टक्कर में 1 की हुई मौत

**गोंदिया**-डुग्गीपार थाने के तहत कोहलीटोला/चिखली निवासी फिर्यादी हितेश नेवारे (25) अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल (क्र. एमएच 35-एम 2517) से कोयलारी से अपने गांव कोहलीटोला जा रहा था. कोहलीटोला फाटे के पास पीछे से आने वाली मोटरसाइकिल (क्र. एमएच 35-एवी 5269) के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चला कर टक्कर मार दी. जिसमें दिनदयाल नेवारे की मौत हो गई. फियांदी की शिकायत पर दुग्गीपार पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार सुनील मेश्राम कर रहे हैं.

## कचारगढ़ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो - जिलाधिकारी प्रजीत नायर



**गोंदिया**- जिले के सालेकसा तालुका में 'कचारगढ़' आदिवासी भाइयों का पूजा स्थल है और हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु बड़ी आस्था के साथ यात्रा में शामिल होते हैं। कलेक्टर प्राजीत नायर ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि व्यवस्थाएं आपस में समन्वय स्थापित कर जिमेदारी से कार्य करें, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। पारी कुमार लिंगो मां कंकाली देवस्थान कचारगढ़ के सभागृह में प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा का आयोजन किया गया, उस समय श्री नायर बोल रहे थे। इस अवसर पर जिला परिषद के मुय कार्यकारी अधिकारी मुरुगंथम, पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय अधिकारी देवरी सत्यम गांधी, उपविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटिल, कछारगढ़ देवस्थान समिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद कोकोडे और पूर्व विधायक संजय पुरम मंच पर उपस्थित थे। जिलाधिकारी श्री नायर ने कहा, कचारगढ़ यात्रा 22 फरवरी से 26 फरवरी 2024 (5 दिन) तक आयोजित की गई है। यात्रा के दौरान कानून एवं व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस व्यवस्था बनाये रखी जाय। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग क्रमांक 1 एवं 2 के साथ ही जी.पी. अधिशाषी अभियंता को तत्काल सड़कों के गड्ढे भरवाने चाहिए। शाखा अभियंता जी.पी. ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को पेयजल एवं क्लोरीनेशन की व्यवस्था करनी चाहिए। ग्राम सेवक बिजली विभाग के माध्यम से स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य दो दिन के अंदर पूरा कराएं। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाइयों का पर्याप्त भण्डार उपलब्ध कराया जाए तथा स्वास्थ्य टीमें स्थापित की जाएं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के खाद्य निरीक्षक नियमित रूप से दुकानों में खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करें। कार्यपालन यंत्री एस.बी. विभाग को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तुरंत बैरिकेडिंग लगानी चाहिए। अनुसूचित जनजाति निगम के आगर प्रमुख पर्याप्त संया में बसों की व्यवस्था करें। नगर पंचायत प्रमुख सालेकसा को अग्निशमन की व्यवस्था करनी चाहिए. नगर पंचायत के माध्यम से सफाई के प्रति विशेष लक्ष्य दिया जाये. यात्रा के दौरान उपयुक्त स्थानों पर 12 सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना है। करीब 500 से 600 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वीवीआईपी गणमान्य लोगों के लिए हेलीपैड तैयार किया गया है. उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया कराना संगठन की जिमेदारी है, इसलिए उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यात्रा अ'छे तरीके से संचालित हो. पुलिस अधीक्षक श्री पिंगले ने कहा, पिछले साल की तरह इस साल भी यह कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाना चाहिए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाए। सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जाना चाहिए।' इस स्थान पर कोई पक्षपात नहीं होना चाहिए. सभी व्यवस्थाएं एक-दूसरे के साथ समन्वय बनाकर अपनी-अपनी जिमेदारी ठीक से निभाएं। उन्होंने कहा कि सभी लोग उक्त यात्रा के कार्यक्रम को अनुशासित ढंग से संचालित करें। कचारगड देवस्थान समिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद कोकोडे ने परिचय दिया। सालेकसा तालुका मुयालय से 6 कि.मी. दूरी पर, हाजरा झरना एक सुंदर पर्यटन स्थल है और पास में आदिवासी देवताओं के पूजा स्थल के रूप में कचारगढ़ मंदिर है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर हर साल फरवरी माघ पूर्णिमा के अवसर पर पांच दिवसीय यात्रा का आयोजन किया जाता है और आदिवासी समेलन के अवसर पर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र और अन्य रा'यों से लाखों श्रद्धालु भाविक बड़े विश्वास के साथ आते हैं। इस अवसर पर जिला नियोजन अधिकारी सुनील धोंगड़े, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे, अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नितिन कापसे, प्रभारी तहसीलदार अभिलाष जगताप, समूह विकास अधिकारी दिलीप खोटेले, कोसमतरा गांव के सरपंच सिंधु घराल और विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

## जैन आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के अंतिम संस्कार में जा रहे श्रद्धालुओं की कार नहर में गिरी, 3 मृत 3 घायल



**गोंदिया**-जैन मुनि श्री विद्या सागरजी महाराज के रात 2.30 के बजे के दौरान निधन (सल्लेखना पूर्वक समाधि) होने तथा आज दोपहर उनका अंतिम संस्कार छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ पर होने से पूरे देश से उनके अनुयायी, उन्हें मानने वाले डोंगरगढ़ पहुँच रहे है। इसी दर्शन के लिए मध्यप्रदेश के रीवा-सतना से निकला एक जैन समाज गोंदिया जिले के सालेकसा तहसील अंतर्गत ग्राम पानगांव में सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिसमें तीन लोगों के मारे जाने की खबर सामने आयी है। खबर है कि संत श्री विद्या सागरजी महाराज की खबर सुनकर जैन परिवार रीवा सतना से अपनी अर्टिंगा MP 19 CB 6532 से डोंगरगढ़ जाने निकला था। पुरा सफर तय करते हुए बस छत्तीसगढ़ सीमा में पहुँचने वाला ही था कि महाराष्ट्र राज्य की गोंदिया जिले की सीमा स्थित सालेकसा तहसील के ग्राम पानगांव में सड़क हादसे का शिकार हो गया। अर्टिगा कार सड़क किनारे नहर में जा गिरी जिससे कार में बैठे तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोगो को स्थानीय अस्पताल में ले जाकर उपचार किया जा रहा है। ये घटना करीब सुबह 11.30 से 12.30 के दौरान घटित हुई। कार में 6 लोग सवार थे। मृतक में जितेंद्र विमल कुमार जैन उम्र करीब 52 वर्ष, प्रशांत नरेंद्र कुमार जैन 44, आशीष अशोककुमार जैन 42, वही घायल तीन युवक वर्धमान सिद्धार्थ जैन, अंशुल संतोष कुमार जैन तथा प्रशांत प्रशन्ना जैन, सुखरूप एवं सुरक्षित है।

## एन. डी. खोसे की अदालत ने सुनाई 24 वर्षीय युवक को 15 वर्ष की सश्रम सजा

**गोंदिया**- दिनांक 21/02/2024 को विशेष सत्र न्यायालय, गोंदिया ने बालकांचे लैगिंक अत्याचार के संरक्षण अधिनियम (पास्को एक्ट) 2012 के तीत आरोपी विक्रम उर्फसन्नी देवसिंग ठाकुर, उम्र 24 वर्ष निवासी नंगपुरा मुर्री, ता. जि. गोंदिया, को कुल 15 वर्ष का सश्रम कारावास और 4,000 रूपये आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। ? उक्त मामला इस प्रकार है कि आरोपी फर्यादी के घर की ऊपरी मंजिल पर फर्यदी के भतीजे के थैले तैयार करने के कारखाने में मजदूरी करते हुए थैले सिलने का काम करता था। दिनांक 01/12/2016 से 15/12/2016 के दरयान फर्यादी की बेटी उम्र 6 वर्ष 6 महीने यह छत पर खेलने और कपडे सुखाने के लिये ऊपर जाती थी, जिसके एकांत का फायदा उठाकर आरोपी ने दुर्भावना एवं छलपूर्वक उसके साथ अनेक बार लैगिंक अत्याचार किया, जिसके बाद पिड़िता ने अपनी आप बीती अपने माता पिता को बताई, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ दिनांक 15/12/2016 को पुलिस स्टेशन गोंदिया शहर में आरोपी के विरूध्द शिकायत दर्ज की गई, तथा धारा 376 (2) (आय) (एन) भादवि के तहत बाल लैगिंक अत्याचार प्रतिबंधक कायदा (पास्को एक्ट) 2012 की धारा 4,6,9 के तहत आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरतार किया गया। इस मामले में फर्यादी की शिकायत के बाद तत्कालीन जांच अधिकारी मिंलद नवघिरे, पुलिस उपनिरिक्षक, गोंदिया शहर ने प्रकरण में जांच कर आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में दोष आरोप प्रस्तुत किये। इस प्रकरण में आरोपी के खिलाफसरकार एवं पिड़ित पक्ष की ओर से विशेष सरकारी वकील कृष्णा डी पारधी ने कुल 7 गवाहों के बयान दर्ज किये, वहीं मेडिकल रिपोर्ट व अन्य दस्तावेज न्यायालय के समक्ष पेश किये। इस मामले में आरोपी के वकील एवं जिला सरकारी वकील महेश एस. चंदवानी के बीच विस्तार से युक्ती वाद हुआ, जिसके बाद दोनों पक्षों के वाद एवं साक्ष्य के आधार पर माननीय एन. डी. खोसे, जिला न्यायाधीश क्रमांक 1 व विशेष सत्र न्यायाधीश, गोंदिया जि. गोंदिया ने आरोपी विक्रम उर्फसन्नी देवसिंग ठाकुर, उम्र 24 वर्ष निवासी नंगपुरा मुर्री, ता. जि. गोंदिया, को बाल लैगिंक अत्याचार प्रतिबंधक कायदा (पास्को एक्ट) 2012 की धारा के अंतर्गत अंतर्गत 10 वर्ष का सश्रम कारावास व रूपये 2,000/- का दंड व दंड न भरने पर 3महीने का अतिरिक्त कारावास। तथा बाल लैगिंक अत्याचार प्रतिबंधक कायदा (पास्को एक्ट) 2012 की धारा 10 अंतर्गत 05 वर्ष का सश्रम कारावास व रूपये 2,000/- दंड व दंड न भरने पर 3महीने का अतिरिक्त कारावास इस प्रकार कुल 15 वर्ष का सश्रम कारावास व 4000/- रूपये दंड व दंड न भरने पर 3 महीने का सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस प्रकरण में पुलिस अधीक्षक निखिल पिगंळे के मार्गदर्शन में पैरवी कर्मचारी टोमेश्वरी पटले पो.हवा ने उत्कृष्ट कार्यवाही की।

## शेयर मार्केट के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाला शातिर अपराधि गिरफ्तार

### आमगांव पुलिस की कार्रवाई




**गोंदिया**- शेयर मार्केट के नाम पर अधिक लाभ प्राप्त करने का ऑनलाइन लालच दिखाकर लोगों से पैसे प्राप्त करके धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को आमगांव पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम सांताकृझ मुंबई निवासी कल्पेश सतिश मिश्रा (38) बताया गया है. आमगांव तहसील के शिवनी निवासी फिर्यादी दिलीपकुमार अशोक मटाले ने शेयर मार्केट के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी होने की शिकायत आमगांव थाने में की थी. जिसकी जांच पुलिस निरीक्षक युवराज हांडे कर रहे है. आरोपी व संदिग्ध आरोपी की तलाश के लिए आमगांव थाने की एक टीम को मुंबई भेजा गया. सहायक पुलिस निरीक्षक गणपत धायगुडे, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक शेंदरे, सिपाही साबले मुंबई में आरोपी की तलाश कर रहे थे. आरोपी अपना मोबाइल क्र. बार-बार बदल रहा था, जिससे उसकी तलाश करने में मुश्किले आ ही थी. ऐसा होने के बावजूद पुलिस टीम ने वरिष्ठों के निर्देश पर व गुप्त जानकारी के आधार पर शेयर मार्केट के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाला आरोपी कल्पेश सतिश मिश्रा को उसके घर सांताकृझ मुंबई से 18 फरवरी की सुबह गिरफ्तार किया गया. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा के निर्देश पर उपविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटिल, पुलिस निरीक्षक युवराज हांडे, प्रभारी अधिकारी के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक गणपत धायगुडे, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक शेंदरे व सिपाही साबले ने की है.

## बीजेपी का गांव चलो अभियान



**गोरेगांव**-तहसील के मोहाड़ी में भाजपा का गांव चलो अभियान चलाया गया. जिला परिषद सदस्य डा. लक्ष्मण भगत ने नागरिकों से संवाद साधा. केंद्र व राज्य शासन की विविध कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर सभी योजना का लाभ लेने की जानकारी देकर सभी योजना का लाभ लेने का आह्वान किया. उन्होंने भाजपा के आगामी राष्ट्रीय विकास के संकल्प के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर दुलीचंद बघेले, रामदास चौधरी, मुकेश खरोले, विक्की धपाडे, बाबूलाल चव्हाण, मोहनलाल पटले, खेमराज वाकले, पुस्तकला पटले, पूजा दोहड़े, नेहा उके, एन.के. बिसेन, किसन बाघेले, सुरेश चौधरी, येसुलाल भगत, इंद्रानाज शरणागत, जीवनलाल कटरे, दुली चव्हाण, उमेंद्र भोयर, पालिकाराम पटले, बाबूलाल तुरकर, घनश्याम डहाके, हीरामन पटले, बंटी चव्हाण आदि उपस्थित थे।

## अवैध मवेशियों का वाहन पकड़ा

**गोंदिया**-देवरी थाने के तहत चिचेवाड़ा से मुरदोली नेशनल हाईवे पर वाहन क्र. 20-इजी 8734 को मवेशियों को अवैध रूप से ले जाते समय पकड़ा गया. कार्रवाई में एक वाहन व 3 मवेशी ऐसे कुल 1 लाख 83 हजार रु. का माल जब्त किया गया. फिर्यादी हवलदार नरेश गायधने की शिकायत पर देवरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है जांच हवलदार करनेकर कर रहे हैं

## साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम पूंजाभाई पटेल महाविद्यालय में आयोजन




**गोंदिया**-सांसद प्रफुल पटेल व गोंदिया शिक्षण संस्था व मनोहरभाई पटेल अकादमी की अध्यक्ष वर्षा पटेल के जन्मदिवस पर शिक्षण संस्था के सचिव राजेंद्र जैन व संचालक निखिल जैन के मार्गदर्शन में पूंजाभाई पटेल शिक्षण महाविद्यालय और जूनियर कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संयुक्त तत्त्वावधान में साइबर सुरक्षा जागरूकता% कार्यक्रम हुआ. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सायबर सेल गोंदिया से संजय मारवाड़े, रोशन येरणे, पुलिस विभाग के भरोसा सेल मे उपनिरीक्षक प्रियंका मेश्राम, तनुजा मंत्राम उपस्थित थीं. प्राचार्य डा. निकोसे ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सत्कार किरण देशभर में साइबर अपराधों की संख्या बढ़ती जा रही है. असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रों को लूटने के मामले भी सामने आ रहे, जिसमे छात्रों में माइबर सुरक्षा जागरूकता निर्माण करना वर्तमान की आवश्यकता है, ऐसा प्रतिपादन संजय मारवाडे ने किया. इस अवसर पर प्राचार्य दखणे, आईक्यूएसी के समन्वयक डा. सुरेश पाटिल, डा. दिनेश तिडके, डा. शुभांगी डोंगरे, प्रा. ओमप्रकाश खंगार, प्रा. शरद पाध्ये, डा. विनोद गेडाम, प्रा. वैशाली बघेले, प्रा. सचिन मिश्रा, महाविद्यालय के अन्य शिक्षक-कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.संचालन गजाला शेख ने व आभार डा. तिलक भांडारकर ने माना. सफलतार्थ नह्लानी स्वप्नश्री, कमलेश डहाके, शैलेंद्र गुप्ता, विनोद वल्के, वासुदेव मेश्राम, अश्विन नान्हे, अनंत सोनवाने, हर्षिता कनोजे, अपेक्षा बंसोड़, शारदा पटले, उदित घोटेले, पराग मेश्राम, विक्की रामटेके और - पायल दारो ने प्रयास किया.

## पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के नेतृत्व में गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में 'नमो चषक' क्रिड़ा स्पर्धा 2024 संपन्न

### क्षेत्र के प्रतिभावानों को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने रहेंगे प्रयास जारी पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल



**गोंदिया**-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखरजी बावनकुळे की संकल्पना से आयोजित इस राज्य व्यापी 'नमो चषक-2024' से हम क्रिडा और सांस्कृती दोनों के प्रतिभावना युवाओं को मंच प्रदान कर सके, यह बहुत हर्ष की बात है। क्षेत्र में अनेकों क्रिडा-सांस्कृतिक स्पर्धाएं होती रहती है, लेकिन विशिष्ठ क्रिडा महोत्सव में, सभी प्रकार की स्पर्धाएं आयोजित कर हमारे युवा कार्यकताओं ने गोंदिया विधानसभा क्षेत्र का सफलतापुर्वक 'प्रतिभावान युवा पर्व' मनाया है, जो निश्चित रूप से हमारे युवा कार्यकर्ताओं की लगन, मेहनत और क्षमताओं का भी प्रतीक है। भविष्य में इन स्पर्धाओं के माध्यम से जो प्रतिभावान खिलाडी सामने आए है, उन्हें निश्चित रूप से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाने और योग्य मंच दिलाने के प्रयत्न रहेंगे, ऐसे उद्गार पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने उभरते हुए युवा खिलाडीयों को अपने खेल प्रदर्शन का मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से, महाराष्ट्र प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार, गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में आयोजित 'नमो चषक-2024' के पुरस्कार वितरण समारोह में व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि 'नमो चषक-2024' अंतर्गत गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के युवा खिलाडीयों के लिये फुटबॉल, कबड्डी, 400 मीटर दौड, वॉकथॉन, बैडमिंटन, रंगोली स्पर्धा, चित्रकला स्पर्धा, गायन एवंम नृत्य स्पर्धा का आयोजन 07 फरवरी से 15 फरवरी 2024 तक किया गया, जिसमें करीब 10500 से अधिक युवाओं ने विविध स्पर्धाओं के लिये बकायदा ऑनलाईन पंजीकरण कराकर भाग लिया। मैदानी क्रिडा स्पर्धाओं में महिला व पुरूष वर्ग के लिये अलग-अलग स्पर्धाएं आयोजित की गई तथा दोनो को बराबरी का प्रथम, द्वितीय एवंम तृतीय पुरस्कार दिया गया, यह विशेष उल्लेखनीय है। गौरतलब है कि, 'नमो चषक-2024' के सफल आयोजन हेतु पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के सुपुत्र प्रफुल अग्रवाल ने विशेष प्रयत्न किये एवंम समय-समय पर युवाओं का मार्गदर्शन किया। सभी स्पर्धाओं के लिये पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की ओर से पुरस्कार विजेताओं को कुल ×,51,000 के नगद पुरस्कार दिये गये। कबड्डी स्पर्धा ने बांधा समां.. स्पर्धा अंतर्गत शहर भाजपा महामंत्री श्रीकांत चांदोरकर, संजु माने एवं अमर रंगारी की टीम को कबड्डी स्पर्धा के सफल आयोजन की जिमेदारी दि गई थी और गोंदिया शहर में पहली बार मरारटोली के मोदी मैदान पर बकायदा कबड्डी मैट, ट्रस, एलईडी स्क्रीन लगाकर उत्तम व्यवस्था के साथ कबड्डी स्पर्धा का आयोजन समपन्न कराया गया, जो गोंदिया शहर में चर्चा का विषय रहा। कार्यक्रम के सफलतार्थ शासकीय संजय गांधी निराधार योजना समिती अध्यक्ष अशोक चौधरी, शहर भाजपा अध्यक्ष अमित झा, पुर्व पं. स. सभापती प्रकाश रहमतकर, संजय कुलकर्णी, तालुका भाजपा अध्यक्ष धनलाल ठाकरे, मिथुनभाऊ शेखर पटेल, पुर्व न. प. उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष पार्षद भावनाताई कदम, सुनिल केलनका, गोल्डी गांवडे, जिला भाजपा महामंत्री दिपक कदम, जयंत शुक्ला, योगराज रहांगडाले, जिला मजुर संघ अध्यक्ष सचिन (बंटी) मिश्रा, अजय गौर, मनोज पटनायक, राजेश चौरसिया, पुर्व पार्षद व्यंकट पाथरु, सिताराम अग्रवाल, श्यामका सर, मारवाडी युवक मंडल के पुर्व अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, पुर्व न. प. सभापती एवंम पार्षद दिलीप गोपलानी, राहुल लोहाणा, सुध्दोन सहारे, कुणालभाऊ बिसेन (कुडवा), राजकुमारजी नोतानी, पुर्व पार्षद गुड्डु कारडा, नरेन्द्रजी चांदवानी, मनोहरजी आसवानी, महेशजी आहुजा नानकरामजी अनवानी, प्रकाश चिमनानी, हरीरामजी आसवानी, विनोद (गुड्डु) चांदवानी, पलास लालवानी, अरुण कावडे, मनोज चांदवानी, ग्राम फुलचुरपेठ के सरपंच कोमल धोटे, अुपर्व अग्रवाल, उमेश शुक्ला, प्रदिप शुक्ला, सचिन अवस्थी, रोमन श्रीवास्तव, प्रदिप द्विवेदी, अमर मिश्रा, मेहबुब अली, खलीलभाई पठान, अनिल सहारे, अशोकजी श्रीवास्तव, अशोकजी जयसिंघानी, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष संदिप रहांगडाले, सुमित महावत, चुन्नी इसरका, कमल पुरोहित, व्यापारी आघाडी उपाध्यक्ष महेश सोनछात्रा, मनिष पोपट, ऋतुराज मिश्रा, संदिप श्रीवास्तव, पारस पुरोहित, कृउबास सभापती चुन्नीभाऊ बेन्द्र, संचालक अरुणकुमार दुबे, अमरचंद अग्रवाल, असित अग्रवाल, पार्षद शकील मन्सुरी, पार्षद दिनेश दादरीवाल, क्रांती जायसवाल, निर्मला मिश्रा, भागवत मेश्राम, पराग अग्रवाल, सुनिल तिवारी, शिलु राकेश ठाकुर, श्वेता मन्टु पुरोहित, दिपीका देवा रुसे, सौ. मौसमी चेतन सोनछात्रा, विवेक मिश्रा, मैथुला बिसेन, अप्साना पठान, सौ. एड. हेमतला फतेह, सौ. रत्नमाला साह, सौ. वर्षा खरोले, पार्षद सौ. मेश्राम, पार्षद सौ. देशमुख, पार्षद भरतभाऊ क्षत्रिय, उमंगभाऊ साहु, राजाभाऊ कदम, बाबाभाऊ बिसेन, चंद्रभानभाऊ तरोणे, धर्मेन्द्रभाऊ डोहरे, संजयभाऊ मुरकुटे, मुकेशभाऊ चन्ने, ऋषीकांत साहु, सुरेश चंदनकर, रिंकु आसवानी, बबली ठाकुर, पंकजभाऊ सोनवाने, जलीलभाई पठान, कमल छापरिया, राजु लिमये, गोंदिया पंचायत समिती पुर्व सभापती माधुरी हरिणखेडे, पुर्व प. स. सभापती स्नेहा गौतम, जि .प. सदस्य छायाताई दसरक, पुर्व पं. स. सदस्य योगराज उपराडे, पुर्व जि. प. सदस्य अर्जुन नागपुरे, नरेन्द्र बिसेन, लोकेश रहांगडाले, अजित गांधी, कृष्णकुमार (मुन्ना) लिल्हारे, अमर रंगारी, अंकित जैन मन्टु पुरोहित, मुकेश नायक, मेहबूब अली, राकेश शर्मा, ग्राम फुलचुरटोला पुर्व सरपंच अशोक लिचडे, अशोक इटानकर, गुरुबचनसिंह बग्गा, राजकुमार खंडेलवाल, हर्षद चुटे, रवि रामटेककर, नरेन्द्र बिसेन, बाबुराव मेश्राम, मयुर मेश्राम, विकास बंसल, दिनेश गौतम, दादु ठाकरे, कृष्णा बावणे, सुशील ठवरे, राजेश दोनोडे, सुनिल सहारे, तेजसिंह बिसेन, लक्ष्मी निर्विकार, संजय शेंडे, श्याम कावळे, ग्राम फुलचुरपेठ के पुर्व सरपंच जीवन बन्सोड, राजा बैस, आनंद राहुलकर, नागेश दुबे, कदीर शेख, विकास बंसल, विणा पारधी, पुरण पाथोडे, सुमित महावत, रोहन रंगारी, हिमांशु सोनकुसरे, दिनक मालगुजार, दिपक (विकु) अग्रवाल, मितेश अग्रवाल (खंबु), बल्ला बिरीया, सौरभ शर्मा, कृष्णकुमार मिश्रा, जग्गु वासनिक, यशपाल डोंगरे, आनंद अग्रवाल (काका), राजेश धुवारे, प्रमोद सहारे, हुकुमचंद बिरीया, गोलु धमगाये, शिवकुमार अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, कृष्णमोहन मिश्रा, फरहान आदिक शेख, सुनीता महेन्द्र मुरकुटे, देवेन्द्र अग्रवाल, खलीलभाई पठान एवंम विन्नी पृथ्वीपालसिंग गुलाटी, राकेश अग्रवाल, पुरु ठाकरे, पलास लालवानी, रितुराज मिश्रा, अर्पीत पांडे, उमंग साहु, प्रतीक मिश्रा ने प्रयत्न किये।

## अधूरे पुल के लिए अर्ध जलसमाधि आंदोलन सैकड़ों नागरिक बाघ नदी में उतरें



**सालेकसा**-तहसील के भजेपार-बोदलबोडी के बीच बाघ नदी पर एक बड़े पुल को मंजूरी मिलने और निर्माण 2 साल से रुका होने के कारण नाराज नागरिकों ने बाघ नदी तल पर अर्ध-जलसमाधि विरोध प्रदर्शन करके सरकारी प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. इससे कुछ देर के लिए तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई. पिछले 60 से 70 वर्षों से पुल की मांग हो रही थी. आखिरकार पुल को मंजूरी मिल गई, इस पुल के लिए दो बार भूमिपूजन भी किया गया. इसके बाद 2 साल पहले पुल के लिए खुदाई के दौरान पत्थर लगने से खुदाई का काम बंद होने पर पहले का रास्ता बंद हो गया था. परिणामस्वरूप नागरिकों को 1 किमी की दूरी तक पहुंचने 15 किमी का चक्कर लगाना पड़ता है. कई बार ज्ञापन देने के बाद भी लोक निर्माण विभाग ने ध्यान नहीं दिया. उन्हें जगाने 20 फरवरी को अर्ध जलसमाधि आंदोलन किया गया. आंदोलन में भजेपार, बोदलबोड़ी सहित क्षेत्र के कई गांवों के नागरिक शामिल हुए. तत्काल काम शुरू करने का मिला आश्वासन = आंदोलन का नेतृत्व भजेपार के सरपंच व अखिल भारतीय सरपंच परिषद के जिलाध्यक्ष चंद्रकुमार बाहेकर व बोदलबोड़ी के सरपंच देवेंद्र पटले व दोनों गांवों के प्रमुख पदाधिकारियों ने किया. इस बीच सरपंच संगठन के गौरीशंकर बिसेन, प्रिया शरणागत, तमिलकुमार टेंभरे, नरेश कावरे ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया. सरपंच संगठन को अपना समर्थन देने की घोषणा की और भी नदी तल पर उतर आए.

## झाड़े कुणबी समाज ने किया अभिवादन



**गोंदिया**-झाड़े कुणबी समाज की ओर से छत्रपति शिवाजी जन्मोत्सव महार मनाया गया, जो भारतीय इतिहास में सबसे प्रतिष्ठित विघ्नों में से एक की 394वीं जन्मोत्सव है. महाराष्ट्र में परंपरागत तरीके से पूजन व विधि विधान किया गया जाता है. मुख्य अतिथि ब्राह्मणकर हॉस्पिटल के डा. नोव्हिल ब्राह्मणकर ने गुलाब के फूल की बनी माला से माल्यार्पण किया. डा. ब्राह्मणकर ने शिवाजी महाराज पर अपने विचार व्यक्त किया. उन्होंने बताया कि शिवाजी महाराज जन्मोत्सव के उत्सव का एक समृद्ध इतिहास है, समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले ने 1870 में रायगढ़ किले में शिवाजी महाराज की कब्र की खोज के बाद उत्सव की शुरुआत की, परंपरा महान स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक के साथ भी जारी रही. इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रकुमार चुटे, राजेश हुकरे, सुरेखा भेडरकार, मीना पाथोडे, नरेंद्र पाथोडे आदि उपस्थित थे. आभार राजेश हुकरे ने माना

# 11 तलवारों समेत 1 अरेस्ट
## घर में छुपाकर रखी थी, पुलिस ने मारा छापा



**गोंदिया**-जिले की अपराध शाखा टीम ने गुप्त जानकारी के आधार पर गंगाझरी थाने के तहत फत्तेपुर के एक घर पर छापा मारकर छुपाकर रखी गई 11 तलवारें बरामद की है. कार्रवाई में फत्तेपुर निवासी बादल खोब्रागडे (27) को गिरफ्तार किया गया. वहीं एक आरोपी फरार है. जिसकी तलाश पुलिस कर रही हैं. पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा ने आगामी चुनाव और जिले में बढ़ते अपराध को देखते हुए गोंदिया जिले में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। हैं. जिसके अनुसार, स्थानीय अपराध शाखा की टीम जिले में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की तलाश कर रही है और अवैध रूप से हथियार ले जाने वाले अपराधियों की जानकारी ले रही है और उन पर निगरानी रख रही है. 20 ष्ट फरवरी को स्थानीय अपराध शाखा की एक टीम को सूचना मिली कि फत्तेपुर ष्ट में बादल खोबरागड़े ने भविष्य में हमले करने के इरादे से अपने घर में अवैध रूप से तलवार जैसे खतरनाक हथियार रखे हैं. जानकारी के आधार पर प्रभारी न अधिकारी दिनेश लबड़े के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा के अधिकारी, अमलदारों की दो अलग-अलग टीमें बनाई गई. पुलिस की एक टीम ने जाल बिछाया और दोपहर करीब 1 बजे बादल खोब्रागड़े के घर पर छापा मारा, उसके घर पर तलाशी के दौरान पता चला कि रसोई कक्ष के कोने में दो बारे में लपेटकर प्लास्टिक की थैली में लगभग 11 हजार रु. कीमत की 11 लोहे की तलवारें अवैध रूप में रखी गई थीं आरोपी बादल खोब्रागडे को सामग्री सहित गिरफ्तार किया गया. जब उन तलवारों के बारे में पूछा गया तो उसके पास तलवारों का लाइसेंस नहीं था और तलवारें वाजपेई वार्ड गोंदिया निवासी गौतम उर्फ निगम उर्फ गामा वाहने है करके बताया. आरोपी गौतम उर्फ निगम उर्फ गामा वाहने फरार है. गंगाझारी थाने में आरोपियों के खिलाफ भारतीय हथियार अधिनियम धारा 37 (1), (3), मुंबई पुलिस अधिनियम 1951, धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है. जांच गंगाझारी पुलिस कर रही है.

# संत सेवालाल के विचार सभी में प्रेरणादायी : तरोणे

**सड़क अर्जुनी**- महाराष्ट्र की भूमि संत परंपरा है. परंपरा में कहीं भी जातिभेद नहीं दिखता. सभी संत व महापुरुषों ने अपने प्रवचन में मानवता का संदेश दिया है. ऐसे ही महान संतों में एक बंजारा समाज के संत सेवालाल महाराज के विचार सभी के लिए प्रेरणादायी हैं. ऐसा प्रतिपादन सड़क अर्जुनी के वन परिक्षेत्र अधिकारी मिथुन तरोणे ने वन परिक्षेत्र कार्यालय कोहमारा में आयोजित संत सेवालाल महाराज की 285वीं जयंती कार्यक्रम में किया. मिथुन तरोणे ने आगे कहा कि संत सेवालाल महाराज के विचार मानवता का संदेश देने वाले है. हमेशा सत्य का आचरण करें, अहिंसा का अर्थ केवल किसी की हत्या न करना ही नहीं बल्कि किसी का मन दुखाना, शारीरिक दुख देना भी है. कार्यक्रम की शुरुआत संत सेवालाल महाराज के चित्र पर माल्यार्पण व अभिवादन से हुई. अतिथियों ने संत सेवालाल महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचार सभी के लिए प्रेरणादायी होने की बात कही. अतिथि के रूप में क्षेत्र सहायक युवराज राठोड, संतोष घुगे, उत्तम बेलकर, संजय चव्हाण, प्रदीप हत्तीमारे, पुरुषोत्तम पटेल, किशोर बडवाईक, रमेश मेश्राम सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे

## मजदूर की मौत

**गोंदिया** -गंगाझरी थाने के तहत एमआईडीसी मुंडीपार सत्यम राईस मिल के बाजू में अंडरग्राउंड वॉटर टैंक के निर्माण के दौरान एक मजदूर पर मिट्टी का ढेर गिरने से उसकी मौत हो गई. मृत व्यक्ति का नाम बालाघाट जिले के अकोला निवासी गुलाबसिंह कारू मडावी (56) है. गंगाझरी पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है, जांच सहायक फौजदार अंबुले कर रहे हैं.

# आचार्य विद्यासागरजी ने जो विश्व को प्रकाश दिया वो ओझल नही हो सकता - निर्यापक मुनिश्री समय सागर





**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शिक्षण संस्था के परिसर जी. ई. एस. हायस्कूल रावणवाडी, गोंदिया मे संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागरजी महाराज कि डोंगरगढ मे समाधी में विलीन होने के पश्चात विनयांजली सभा का आयोजन किया गया। सभा में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने प्रस्तावना रखी . पश्चात राजकुमार एन जैन, निखिल जैन, केतन तुरकर, गणेश बरडे, सौ. पूजा अखिलेश शेठ, सौ. सरला चिखलोंडे, विनोद पटले, गेंदलाल बिसेन, आनंद लांजेवार, विजय रहांगडाले व दि. जैन समाज के ट्रस्टी संजय जैन हिरेश जैन, देवेंद्र अजमेरा, वसंत पांड्या, बालाघाट के सुशील जैन, संतोष देवडिया, रविकांत जैन, चक्रेश जैन, स्वतंत्र जैन, व्यवहारी (म.प्र.), देवेंद्र जैन आदी ने गुरु चरणों में श्रीफल भेट किया। गुरुदेव समय सागर महाराज के पादपक्षालन दि. जैन समाज गोंदिया द्वारा किया गया। मुनिश्री अजित सागरजी महाराज व मुनिश्री प्रशस्त सागरजी महाराज ने भी विनयांजली पर संबोधन किया निर्यापक मुनिश्री समय सागरजी ने विनयांजली पर अपने भाव भरे शब्दो में कहा आज ज्यादा नही कह पाऊंगा विशाद का प्रसंग है एक दिव्य दृष्टी व आत्म दृष्टी के साथ जिनका जीवन चल रहा था और 50 - 55 वर्ष से बैरंग साधना ही नहीं अंतरंग साधना के साथ आत्म कल्याण व विश्व् कल्याण की दृष्टि सामने रखते हुए उन्होंने विश्व को जो प्रकाश दिया है वो ओझल नहीं हो सकता।

मुनी संघ का सौरभ जैन बंडा (म. प्र.) विहार सफलता पूर्वक करा रहे है. गोंदिया के लिये परम सौभाग्य कि बात है आचार्य पद प्राप्ती कि घोषणा के बाद प्रथम आहार का सौभाग्य दि जैन समाज गोंदिया को रावणवाडी में प्राप्त हुआ. सौ. वर्षाताई पटेल ने भी मुनी संघ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया. इस विनयांजली सभा में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

# अधूरे निर्माण से बस सेवाएं ठप क्षेत्र के लोगों को परेशानी



**गोरेगांव** -तहसील में चल रहे सड़क निर्माण कार्य इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं. अधिकतर निर्माण कार्यों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सूचना फलक नहीं लगाए गए चलते नागरिकों परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं, जिसके है. साथ ही अधूरे निर्माण कार्यों से बस सेवाएं प्रभावित हो रही हैं. जिसमें छात्रों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं को आवागमन को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार गोरेगांव तहसील में अधिकतर मुख्य मार्गों पर सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है. जिसमें गोरेगांव-तिरोड़ा, मुंडीपार मांडोदेवी-हरदोली, ढीमरटोली-गणखैरा, कुरहाडी- बोरगांव कवलेवाडा, मोहगांव बुजुर्ग-गोंदिया, गोरेगांव-कालीमाटी, घुमर्रा-तिल्ली मोहगांव निर्माण कार्य शामिल है. अधिकतर निर्माण कार्य सार्वजनिक बांधकाम विभाग व मुख्यमंत्री सड़क योजना विभाग के तहत किए जा रहे हैं. अधूरे निर्माण कार्य सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं. गोरेगांव-तिरोड़ा मार्ग पर स्थित भुताईटौला पाथरी में हुई सड़क दुर्घटना से नागरिक भयभीत है. जिसमें 2 युवकों ने अपनी जान गंवाई है, उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर गोरेगांव से बोदलकसा तक टप्पे टप्पे पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है. जिसमें एक ओर से सड़क की खुदाई की गई हैं, साथ ही जगह-जगह पर गिट्टी मुरूम बिखरे पड़ी हैं जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं. इतना ही नहीं तो यहां बड़ी संख्या में रेत के टिप्पर चलते हैं जो यातायात करने वालों के लिए खतरा बने हुए हैं ऐसे में दुर्घटनाएं लगातार हो रही है.

# विद्यार्थियों को विदाई व छात्राओं को साइकिलें प्रदान



**सड़क अर्जुनी** -नवजीवन विद्यालय राका में राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पूर्व मार्गदर्शन कार्यक्रम, विदाई समारोह, नकल मुक्त अभियान व मानव विकास योजना के तहत बाहर से विद्यालय आने वाली छात्राओं को साइकिल वितरित की गई. इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य अनिल मेश्राम, संस्था सचिव मधुसूदन दोनोडे, शाला समिति अध्यक्ष विकास कोरे, सुधीर शिवणकर, साजेदा सय्यद आदि उपस्थित थे. प्रस्तावना एस.एस. मेंढे ने रखी. संचालन ज्ञानेश्वरी धनभाते ने किया व आभार हर्षा दोनोडे ने माना.

# माँ नर्मदा जयंती सोत्साह मनाई गई




**गोंदिया**- सूर्याटोला मार्ग रामनगर स्थित माँ नर्मदा मंदिर में माँ नर्मदा का जयंती उत्सव सत्साहित्य मनाया गया। इस प्रसंग पर प्रात: मंदिर संचालक रामू मेरे ने सपत्नीक मातारानी का अभिषेक हवन पूजन किया। पश्चात दोपहर में श्री हनुमान जी, देवी माँ एवं अन्य झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई जो रामनगर, परमात्मा नगर का भ्रमण कर वापस मंदिर में समाप्त हुई। संध्या समय माँ नर्मदा भजन मंडल के कलाकारों द्वारा भजन संध्या का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका शुभारंभ पूर्व नप उपाध्यक्ष श्री शिव शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं माँ नर्मदा तथा मंदिर की पूर्व संचालिका माताजी मीराबाई ढोरे के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। इस समय जाने पहचाने कवि गीतकार श्री शशि तिवारी, श्रीराम सेवा समिति के श्री जितेन्द्र तिवारी, अवि टोल एवंम अन्य विशेष रूप से उपस्थित थे।भजन संध्या में अजय यादव, त्रिलोक नेवारे, मोहित (बिट्टू) तिवारी, ऋतिक शेंडे,मनिषा जायसवाल, श्रीमती ब्रम्हे,योगेश ढोरे आदि ने भजनों की प्रस्तुति की। सफलतार्थ महेंद्र पटले, नरेश पर्यानी,चित्रा पर्यानी, एड. विनोद जानी, पराग अग्रवाल, प्रकाश सिरसे,जलाराम गंभीर, विलास भिवगड़े, अमित यादव, पप्पू वनवे, अजय यादव, मुरली राही, हुकुमचन्द्र अग्रवाल, शिव शर्मा, पराड़कर, संदीप आसटकर, रजत जांगड़े, हरीश चन्ने, ओम् कार लुटे, ऋषिकेश खोब्रागड़े, राजन राखड़े,मृणाल जांगड़े, बंटी सांगोडे आदि ने सहयोग प्रदान किया। महाप्रसाद का श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। श्री रामू ढोरे ने सभी का आभार माना।

# युवा पीढ़ी तक पहुंचे छत्रपति शिवाजी महाराज का इतिहास : डॉ. परिणय फुके




**गोंदिया**-छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर मनोहर चौक स्थित नवनिर्मित 13 फुट ऊंची श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के अश्वारूढ़ प्रतिमा के लोकार्पित समारोह में पहुँचे राज्य के पूर्व मंत्री व जिले के पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके ने शिवराया को अभिवादन कर युवा पीढ़ी को एक ऊर्जावान संदेश दिया। पूर्व पालकमंत्री डॉ. फुके ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज किसी जाति- धर्म के नहीं अपितु सभी समुदाय के लिए एक महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने जो साम्राज्य खड़ा किया वो सभी को साथ लेकर एवं 12 बलूतेदार को लेकर किया। उनके अंगरक्षक, सैनिक सभी धर्म के थे। उन्होंने कहा, पश्चिम महाराष्ट्र, मराठवाड़ा में जितना इतिहास शिव छत्रपति शिवाजी महाराज का वहां के लोगो को मालूम है उतना विदर्भ के लोगो को नही। पश्चिम महाराष्ट्र के युवाओं में छत्रपति शिवाजी महाराज बसे हुए है।हमे आज इसी जयंती के माध्यम से युवा पीढ़ी को बताने की जरूरत है।हमे सिर्फ जयंती में ही नही, साल भर शिवाजी महाराज को याद करना चाहिए।ये नाम सिर्फ लेने से हमें ऊर्जा का भाव होता। हमनें आज इस जयंती के माध्यम से बेहतर शुरुवात की है। समाज के आदित्य सावंत ने छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति समाज को समर्पित कर गोंदिया का नाम ऊंचा किया है। हर साल आदित्य के नेतृत्व में हम यहां कार्यक्रम करेंगे।हमें अपना इतिहास मालूम रहना चाहिए। इसके लिए आने वाले साल में और बेहतर कार्य करेंगे एवं मेरे प्रयास सदैव समाजहित के लिए कटिबद्धता से रहेंगे। फुके ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने अनेक बाधाए निर्माण हुई, समाज के माध्यम से हमनें वो सभी बाधाए दूर कर प्रतिमा को स्थापित करने का प्रयास किया। अभी भी इस जगह का शासन स्तर पर हस्तांतरण नही हुआ है। मैं विश्वास दिलाता हूँ आने वाले 6-7 दिनों में ये जगह भी हमारी होगी। जयंती समारोह में स्मारक का लोकार्पण व क्षेत्र का श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक नामकरण फलक का उद्घाटन किया गया। इस दौरान समाज के अनेक लोगो का शाल श्रीफल देकर सत्कार व सम्मान श्री फुके के हस्ते किया गया। कार्यक्रम समारोह में कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक इंगले, जिला उप निबंधक मुकुंद पवार, आदित्य सावंत, गजेंद्र फुंडे, अपर तहसीलदार विशाल सोनवणे, तहसीलदार शमशेर पठान, एड राजा बढ़े, माधुरिताई नासरे, द्वारका ताई सावंत, मंजू कटरे, शीतल रहांगडाले, सुनीता हेमने, शिलाताई सावंत, वैशाली ताई सावंत, श्री रमादे सर, निलाताई ढोक, सुनील केलनका, दीपक कदम, राजेन्द्र जगताप, राजू भाऊ, राजा कदम, महेंद्र बढ़े, अमृत इंगले, सीमाताई बढ़े, सुवर्णा कदम, मीणाताई तुपकर, पुष्पा पवार, मंजू ताई वाघ, आरती सावंत, शीतल इंगले, स्नेह कदम, दत्ता सावंत, आकांशा पवार, अनंत जगताप, भावना ताई कदम, प्रतीक कदम, सागर कदम, अनूप मानिकपुरी, आजिंक्य इंगले सहित अनेक समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

# चोरखमारा में विकास कार्यों का भूमिपूजन



**तिरोड़ा**- विधायक विजय रहांगडाले के माध्यम से क्षेत्रीय पर्यटन विकास निधि के तहत चोरखमारा पर्यटन क्षेत्र में 2 करोड़ 50 लाख रु. स्वीकृत किए हैं. इसमें पार्क, सड़क, शौचालय, बिजली सुविधाएं, खेल के मैदान, सभागृह निर्माण जैसे विभिन्न विकास कार्यों का समावेश है. जिसका भूमिपूजन विधायक विजय रहांगडाले के हाथों किया गया. इस अवसर पर जिप सदस्य तुमेश्वरी बघेले, रजनी कुंभरे, कृउबास सभापतिजीतेन्द्र राहंगडाले, वास्तुशिल्पी संदीप बाघेले, पंस अध्यक्ष कुंता पाटले, पंस सदस्य दीपाली टेंभेकर, करुबास संचालक मिलिंद कुम्भारे, चोराखमारा सरपंच कल्पना दहिकर, भजेपर सरपंच डॉ. शिशुपाल रहांगडाले, डॉ. तारेंद्र बिसेन, वड़ेगांव सरपंच श्यामराव बिसेन, शिव मंदिर समिति अध्यक्ष शोभेलाल दहिकर, सचिव मंगल बिसेन, तारेंद्र बिसेन, जीआरपी सदस्य नीरज असाटी, जगदीश टेंभरे, धरम बोपचे सहित अन्य उपस्थित थे।

# मां भगवती जागरण आयोजित



**गोंदिया**-हनुमान चौक मित्र मंडल द्वारा आयोजित हनुमान चालीसा पाठ व मां भगवती जागरण मनीष सोनी द्वारा करवाया गया. वहीं परिसर के नागरिकों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति देकर जागरण का आनंद लिया. साथ ही जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में कुंदा दोनोडे, गप्पू गुप्ता, पं. सुरेंद्र शर्मा, अजय श्रीवास, सुरेश कुरील, मुकेश बाराई, हरिशचंद्र डहारे, महिला मंडल से आशा अग्रवाल, संगीता गुप्ता, सरोज शर्मा, मीना परमार, सत्या शुक्ला, खुशबू जोशी, टीना कुरील, प्राची दवे, चंचल अग्रवाल, कविता लिल्हारे, शानू शुक्ला उपस्थित थे. सफलतार्थ हनुमान चौक मित्र मंडल के राहुल दवे, राजा गिरहे, तुषार फुंडे, नितेश लिल्हारे, सोनू कुरील, मनीष अग्रवाल, मितेश अग्रवाल, विष्णु पोद्दार, प्रथम कोडवानी, आकाश कुरील, कुनाल कुरील, ऋषभ भुजाडे, आनंद सनस, नीरज गिरिया, सैलेश लिल्हारे आदि ने प्रयास किया.

# नूतन विद्यालय गोंदिया में श्री छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के उपलक्ष्य में रैली का आयोजन




**गोंदिया**-श्री छत्रपति शिवाजी महाराज ने कुशल प्रशासन व्यवस्था के माध्यम से रैयतों के हित के लिए एक कल्याणकारी राज्य का निर्माण किया। हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक, रैयतों के कल्याणकारी राजा, सदी के महानायक, पराक्रमी योद्धा, कूटनीतिज्ञ, महान संगठनकर्ता, कुशल राजनीतिज्ञ, रैयतों की रक्षा के लिए प्रयास करनेवाले सर्वांगीण आदर्श राजनेता और प्रजा का कल्याण, सामरिक एवं कूटनीतिक प्रशासक, उनका न्यायपूर्ण शासन, अनुकरणीय शासन प्रेरणादायक है।श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर सोमवार, दि. 19 फरवरी 2024 को नूतन विद्यालय द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। सिविल लाइन, संजय नगर, गोविंदपुर और छोटा गोंदिया के क्षेत्रों में स्कूल के सभी छात्रों ने जय भवानी - जय शिवाजी के साथ-साथ हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की जय का नारा लगाया। इस अवसर पर नूतन विद्यालय के मुख्याध्यापक श्री वाय. पी. बोरकर, पर्यवेक्षक श्री जी. आर. कापगते, समस्त शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित श्री कमलकरराव केशवराव इंगले जूनियर कॉलेज के सभी प्राध्यापक और सभी नूतन इंग्लिश स्कूल, श्री छत्रपति शिवाजी राजे पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।रैली के बाद सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।